DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA

PERIODIC TEST – I (2023-24)

- Please check that this question paper contains **3** printed pages.
- Check that this question paper contains 7 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS – VII

SUBJECT: HIGHER HINDI

Time: 1 Hour 30 Minutes **Max. Mark: 40+4**

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग, घ।
- खंड–घ में अच्छा पाठक बोनस योजना पर आधारित प्रश्न दिए गए हैं।
- सभी खंड एवं प्रश्न अनिवार्य हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार सही ढंग से उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

==

खंड–क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न–1 निम्न लिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x5=5)

भोजन जीवन को बनाए रख सकता है और बचा सकता है। यह जीवन को नष्ट भी कर सकता है। उचित भोजन औषधि का कार्य करता है, अनुचित भोजन विष का कार्य करता है अर्थात ऐसा भोजन जो शरीर के लिए हानिकारक होता है। यदि हम सब प्रकार की चीज़ें खाते रहें, तो बीमार हो जाएँगे। हम खुद को सभ्य कहने में गर्व महसूस करते हैं परंतु सभ्य या समझदार होने का अर्थ है – अच्छे और बुरे, सही और गलत के बीच का अंतर जानना। अपनी जीभ या स्वाद का गुलाम बनने से काम नहीं चलेगा। यहाँ तक कि पक्षी और पशु भी वही खाते हैं जो उनके शरीर के लिए अच्छा है। हम बड़े मज़े के साथ चाउमीन, पिज्जा, बर्गर खाते हैं। स्वादिष्ट जंक फूड और तले हुए व्यंजन खाने के लिए अधिक खर्च भी करते हैं। आधुनिक जीवन शैली और गलत आदतों के कारण हम प्रकृति माँ से दूर हो गए हैं। स्वच्छता के नियमों, स्वस्थ आहार और अपने बड़ों की सलाह पर हम हँसते हैं। बच्चों को अक्सर चॉकलेट, केक और आइसक्रीम खिलाते हैं, पार्टियों में भी जाते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि हम जल्द ही बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं।

क. भोजन का कार्य क्या हैं?

ख. 'अनुचित भोजन' से क्या तात्पर्य है?

ग. सभ्य मानव होने का क्या मतलब है?

घ. आधुनिक जीवन शैली और भोजन की आदतें हमें कैसे प्रभावित करती हैं?

ङ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

खंड–ख (लेखन)

प्रश्न–2 निम्नलिखित किसी एक विषय पर (100–125) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (5)

क. वर्षा ऋतु

ख. रथ यात्रा

खंड–ग (व्याकरण)

प्रश्न–3 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए: (2x5=10)

क. एक–एक पर्यायवाची शब्द लिखिए – दैत्य, आँख (1+1)

ख. वाक्यांशो के लिए एक शब्द लिखिए – जिसमें धैर्य हो, मीठा बोलने वाला (1+1)

ग. वचन बदलिए – जलधारा, फुलझड़ियाँ (1+1)

घ. भाव वाचक संज्ञा बनाकर लिखिए – बच्चा, क्रोधी (1+1)

ङ. नीचे दिए वाक्यों में उचित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्यों को दोबारा लिखिए। (1+1)

i) शेर को देखकर नेहा के ______________________________

ii) मुक्ता ने कक्षा में प्रथम आने के लिए ______________________________

खंड – घ (पाठ्य पुस्तक और अच्छा पाठक योजना)

प्रश्न–4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (1x6=6)

क. पतंगे कब उडती हैं?

ख. सयाल के माता–पिता का क्या नाम था?

ग. नाटक कहाँ खेला गया?

घ. अज़गर की लम्बाई कितनी थी?

ङ. मदरसों की छुट्टी किस महीने में होती है?

च. सोहन नाटक में क्या बना था?

प्रश्न–5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25 – 30) शब्दों में लिखिए। (2x5=10)

क. 'निर्मला, साँप और सयाल' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

ख. राकेश के साथी अभिनय के मामले में कैसे थे?

ग. बैसाख में घर – आँगन क्यों गूँजने लगते हैं?

घ. सयाल को सब क्यों पसंद करते थे?

ङ. राकेश ने प्रदर्शन के दिन सभी को खास–खास हिदायतें फिर से क्यों दी?

प्रश्न–6 निम्नलिखित किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए। (4x1=4)

क. महीनों के बदलते क्रम से यह अहसास होता है कि परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है कैसे?

अथवा

ख. गुस्सा या क्रोध को शांत करने के लिए हमें क्या करना चाहिए, अपना विचार व्यक्त कीजिए। I

प्रश्न–7 (अच्छा पाठक योजना) (1x4=4)

(क) झूरी नाम के किसान के पास जो बैल था, उनका नाम क्या था ?

(ख) दोनों बैलों में संबंध कैसा था?

(ग) दोनों बैलों को अपने साथ कौन ले गया ?

(घ) छोटी लड़की ने दोनों बैलों को क्या खिलाया?